नमूना प्रश्नपत्र 2022-23

विषय - हिंदी (आधार)

विषय कोड - 302

कक्षा – बारहवीं

निर्धारित समय- 3 घंटे | अधिकतम अंक- 80

सामान्य और आवश्यक निर्देश-

- इस प्रश्नपत्र में दो खंड है खंड 'अ' और खंड 'ब'। कुल प्रश्न 13 हैं।
- खंड 'अ' में 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

खंड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न-1 | **अपठित गद्यांश** | **(1X10=10)**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए:-

विज्ञान प्रकृति को जानने का महत्वपूर्ण साधन है। भौतिकता आज आधुनिक वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति का स्तर निर्धारित करती है। विज्ञान केवल सत्य, अर्थ और प्रकृति के बारे में उपयोग ही नहीं बल्कि प्रकृति की खोज का एक क्रम है। यह प्रकृति को जानने के विषय में हमें महत्वपूर्ण और विश्वसनीय ज्ञान देता है। व्यक्ति जिस बात पर विश्वास करता है वही उसका ज्ञान बन जाता है। कुछ लोगों के पास अनुचित ज्ञान होता है और वह उसी ज्ञान को सत्य मानकर उसके अनुसार काम करते हैं। वैज्ञानिकता और आलोचनात्मक विचार उस समय जरूरी होते हैं जब वह विश्वसनीय ज्ञान पर आधारित हो। वैज्ञानिक और आलोचक अक्सर तर्कसंगत विचारों का प्रयोग करते हैं। तर्क हमें उचित सोचने पर प्रेरित करते हैं। कुछ लोग तर्क संगत विचारधारा नहीं रखते क्योंकि उन्होंने कभी तर्क करना जीवन में सीखा ही नहीं होता।

प्रकृति वैज्ञानिक और कवि दोनों की ही उपास्या है। दोनों ही उससे निकटतम संबंध स्थापित करने की चेष्टा करते है, किंतु दोनों के दृष्टिकोण में अंतर है। वैज्ञानिक प्रकृति के बाल्य रूप का अवलोकन करता है और सत्य की खोज करता है, परंतु कवि वाह्य रूप पर मुग्ध होकर उससे भावों का तादात्म्य स्थापित करता है। वैज्ञानिक प्रकृति की जिस वस्तु का अवलोकन करता है, उसका सूक्ष्म निरीक्षण भी करता है। चंद्र को देखकर उसके मस्तिष्क में अनेक विचार उठते हैं उसका तापक्रम क्या है, कितने वर्षों में वह पूर्णतः शीतल हो जाएगा, ज्वार-भाटे पर उसका क्या प्रभाव होता है, किस प्रकार और किस गति से वह सौर मंडल में परिक्रमा करता है और किन तत्वों से उसका निर्माण हुआ है? वह अपने सूक्ष्म निरीक्षण और अनवरत चिंतन से उसको एक लोक ठहराता है और उस लोक में स्थित ज्वालामुखी पर्वतों तथा

जीवनधारियों की खोज करता है। इसी प्रकार वह एक प्रफुल्लित पुष्प को देखकर उसके प्रत्येक अंग का विश्लेषण करने को तैयार हो जाता है। उसका प्रकृति-विषयक अध्ययन वस्तुगत होता है। उसकी दृष्टि में विश्लेषण और वर्ग विभाजन की प्रधानता रहती है। वह सत्य और वास्तविकता का पुजारी होता है। कवि की कविता भी प्रत्यक्षावलोकन से प्रस्फुटित होती है वह प्रकृति के साथ अपने भावों का संबंध स्थापित करता है। वह उसमें मानव चेतना का अनुभव करके उसके साथ अपनी आंतरिक भावनाओं का समन्वय करता है। वह तथ्य और भावना के संबंध पर बल देता है। उसका वस्तुवर्णन हृदय की प्रेरणा का परिणाम होता है, वैज्ञानिक की भाँति मस्तिष्क की यांत्रिक प्रक्रिया नहीं। कवियों द्वारा प्रकृति-चित्रण का एक प्रकार ऐसा भी है जिसमें प्रकृति का मानवीकरण कर लिया जाता है अर्थात प्रकृति के तत्त्वों को मानव ही मान लिया जाता है।

प्रकृति में मानवीय क्रियाओं का आरोपण किया जाता है। हिंदी में इस प्रकार का प्रकृति-चित्रण छायावादी कवियों में पाया जाता है। इस प्रकार के प्रकृति-चित्रण में प्रकृति सर्वथा गौण हो जाती है। इसमें प्राकृतिक वस्तुओं के नाम तो रहते हैं परंतु झंकृत चित्रण मानवीय भावनाओं का ही होता है। कवि लहलहाते पौधे का चित्रण न कर खुशी से झूमते हुए बच्चे का चित्रण करने लगता है।

(i) लेखक ने किसे प्रकृति को जानने का एक महत्वपूर्ण साधन माना है?

(क) विज्ञान

(ख) प्रकृति

(ग) कविता

(घ) सत्य

(ii) व्यक्ति जिस बात पर विश्वास करता है वही उसके लिए क्या बन जाता है?

(क) संगत

(ख) रहस्य

(ग) ज्ञान

(घ) सत्य

(iii) वैज्ञानिक और आलोचक अक्सर किसका प्रयोग करते हैं?

(क) तकनीकी साधनों को

(ख) तर्कसंगत विचारों का

(ग) अविश्वनीय बातों का

(घ) असंगत भावनाओं का

(iv) लेखक के अनुसार कुछ लोग तर्क संगत विचारधारा नहीं रखते, ऐसा क्यों?

(क) तकनीकी साधनों का इस्तेमाल करते हैं

(ख) उनमें असंगत विचार भरे होते हैं

(ग) उन्हें अविश्वनीय बातों पर भरोसा होता है

(घ) क्योंकि वे कभी जीवन में तर्क करना नहीं सीखे होते

(v) दृष्टिकोण में अंतर होते हुए भी वैज्ञानिक और कवि प्रकृति से निकटतम संबंध स्थापित करने की चेष्टा करते क्यों करते हैं?

	(क) दोनों तर्क संगत विचारों को महत्त्व देते हैं (ख) वैज्ञानिक और कवि दोनों ही प्रकृति के उपासक हैं (ग) दोनों को अविश्वनीय बातों पर भरोसा नहीं है (घ) इनमें से कोई नहीं **(vi) चंद्र को देखकर वैज्ञानिक के मस्तिष्क में कौन-से विचार उठते हैं?** (क) उसका तापक्रम क्या है (ख) कितने वर्षों में वह पूर्णतः शीतल हो जाएगा (ग) ज्वार-भाटे पर उसका क्या प्रभाव होता (घ) इनमें से सभी **(vii) किसकी दृष्टि में विश्लेषण और वर्ग विभाजन की प्रधानता रहती है?** (क) वैज्ञानिक (ख) कवि (ग) सामान्य मनुष्य (घ) इनमें से कोई नहीं **(viii) कवि अपनी कविता में प्रकृति को अधिक महत्त्व क्यों देता है?** (क) वह प्रकृति के साथ अपने भावों का संबंध स्थापित करता है (ख) वह उसमें मानव चेतना का अनुभव करता है (ग) उसके साथ अपनी आंतरिक भावनाओं का समन्वय करता है (घ) इनमें से सभी **(ix) 'आरोपण' शब्द का सही अलगाव क्या होगा?** (क) आरो+पण (ख) आ+रोपण (ग) आरोप+ण (घ) आर+ओपण **(x) 'विज्ञान' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगाने से नया शब्द क्या होगा?** (क) विज्ञानिक (ख) वैज्ञानिक (ग) विज्ञानीक (घ) वैज्ञानीक	
प्रश्न-2.	**अपठित काव्यांश** **निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश से संबंधित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प -चयन द्वारा दीजिए:-** जिसमें स्वदेश का मान भरा आजादी का अभिमान भरा जो निर्भय पथ पर बढ़ आए जो महाप्रलय में मुस्काए जो अंतिम दम तक रहे डटे दे दिए प्राण, पर नहीं हटे	**(1X5=5)**

	जो देश-राष्ट्र की वेदी पर देकर मस्तक हो गए अमर ये रक्त-तिलक-भारत-ललाट! उनको मेरा पहला प्रणाम ! फिर वे जो ऑधी बन भीषण कर रहे आज दुश्मन से रण बाणों के पवि-संधान बने जो ज्वालामुख-हिमवान बने हैं टूट रहे रिपु के गढ़ पर बाधाओं के पर्वत चढ़कर जो न्याय-नीति को अर्पित हैं भारत के लिए समर्पित हैं कीर्तित जिससे यह धरा धाम उन वीरों को मेरा प्रणाम ! **(i) देश के स्वतंत्रता सेनानियों के विषय में कवि ने क्या कहा है?** (क) उनमें आज़ादी का अभिमान भरा था (ख) वे अंतिम दम तक पथ पर डटे रहे (ग) उन्होंने अपने प्राण दे दिए पर हटे नहीं (घ) इनमें से सभी **(ii) कवि ने सबसे पहले किन्हें प्रणाम किया है?** (क) आजादी के वीरों को (ख) स्वतंत्रता के बलिदानियों को (ग) देश के नेताओं को (घ) भारत के किसानों को **(iii) ये रक्त-तिलक-भारत-ललाट! - का क्या आशय है?** (क) स्वयं के मस्तक पर लाल टीका (ख) शत्रु के मुख पर लाल टीका (ग) भारत के मस्तक पर अपने रक्त का तिलक (घ) अपने मित्र के माथे पर लाल तिलक **(iv) वर्तमान समय में वीर सैनिक क्या कर रहे हैं?** (क) वे दुश्मनों से युद्ध कर रहे हैं (ख) न्याय और नीति के लिए समर्पित हैं (ग) धरती माँ का यश बढ़ा रहे हैं (घ) उपर्युक्त सभी **(v) प्रस्तुत काव्यांश का मुख्य भाव क्या हो सकता है?** (क) देश के शहीदों और वीरों को नमन है (ख) बाधाओं और मुश्किलों से नहीं डरना चाहिए (ग) न्याय-नीति के लिए सदैव अडिग होना चाहिए	

(घ) उपर्युक्त सभी

अथवा

माना आज मशीनी युग में, समय बहुत महँगा है लेकिन
तुम थोड़ा अवकाश निकालो, तुमसे दो बातें करनी हैं!

उम्र बहुत बाकी है लेकिन, उम्र बहुत छोटी भी तो है
एक स्वप्न मोती का है तो, एक स्वप्न रोटी भी तो है
घुटनों में माथा रखने से पोखर पार नहीं होता है:
सोया है विश्वास जगा लो, हम सब को नदिया तरनी है!
तुम थोड़ा अवकाश निकालो, तुमसे दो बातें करनी हैं!

मन छोटा करने से मोटा काम नहीं छोटा होता है,
नेह-कोष को खुलकर बाँटो, कभी नहीं टोटा होता है,
आँसू वाला अर्थ न समझे, तो सब ज्ञान व्यर्थ जाएँगे:
मत सच का आभास दबा लो, शाश्वत आग नहीं मरनी है!
तुम थोड़ा अवकाश निकालो, तुमसे दो बातें करनी हैं!

(i) कवि थोड़ा अवकाश निकालने की बात क्यों रहा है?

(क) वर्तमान मशीनी दौर में बात करने के लिए किसी के पास समय नहीं है
(ख) लोग एक-दूसरे से मिलना नहीं चाहते हैं इसलिए मतभेद बढ़ता है
(ग) लोगों में आपसी तालमेल का आभाव है इसलिए झगड़े होते हैं
(घ) बच्चे बड़ों का कहना नहीं मानते हैं इसलिए कवि उन्हें समझाना चाहता है

(ii) उम्र बहुत छोटी भी तो है- पंक्ति में भाव निहित है-

(क) मनुष्य का जीवन बहुत कम समय का होता है
(ख) जीवन अनमोल है लेकिन समय की कमी है
(ग) जीवन क्षणभंगुर है, किसी भी समय मृत्यु हो सकती है
(घ) जीवन में अनेक लक्ष्य हैं जिनके लिए समय कम पड़ता है

(iii) आलसी बनकर रहने से सफलता नहीं मिलती है- यह भाव किस पंक्ति में है?

(क) सोया है विश्वास जगा लो, हम सब को नदिया तरनी है
(ख) एक स्वप्न मोती का है तो, एक स्वप्न रोटी भी तो है
(ग) मन छोटा करने से मोटा काम नहीं छोटा होता है
(घ) घुटनों में माथा रखने से पोखर पार नहीं होता है

(iv) <u>नेह-कोष को खुलकर बाँटो</u>, कभी नहीं टोटा होता है- रेखांकित में अलंकार है-

(क) अनुप्रास
(ख) रूपक
(ग) उपमा
(घ) यमक

(v) कवि के अनुसार क्या अर्थ नहीं समझ पाने से सभी ज्ञान व्यर्थ है?

(क) संपन्न लोगों से मित्रता करने का
(ख) पीड़ित लोगों के जीवन के दुःख-दर्द का
(ग) किसी की मज़बूरी का फायदा उठा पाने का

	(घ) लोगों की आँखों में धूल झोंककर काम बना पाने का	
प्रश्न-3	**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-** (i) टेलीविज़न से संबंधित शब्द '**लाइव' का क्या अर्थ है**? (क) किसी खबर का सिनेमा हॉल से सीधा प्रसारण (ख) किसी खबर का घटनास्थल से सीधा प्रसारण (ग) किसी खबर का स्टूडियो से सीधा प्रसारण (घ) किसी खबर का रेडियो स्टेशन से सीधा प्रसारण (ii) किसी समाचार संगठन का नियमित वेतनभोगी कर्मचारी कहलाता है- (क) पूर्णकालिक पत्रकार (ख) अंशकालिक पत्रकार (ग) स्वतंत्र पत्रकार (घ) इनमें से कोई नहीं (iii) इंट्रो, मुखड़ा और बॉडी किसके महत्त्वपूर्ण भाग हैं- - (क) पत्रकारिता के (ख) टेलीविजन के (ग) सिनेमा के (घ) उल्टा पिरामिड शैली के (iv)- इंटरनेट पत्रकारिता का आशय है- (क) इंटरनेट पर वीडियो गेम का आदान-प्रदान (ख) इंटरनेट पर अखबारों/खबरों का प्रकाशन (ग) इंटरनेट पर पैसों का लेन-देन (घ) इनमें से कोई नहीं (v) कौन-सी पत्रकारिता झूठी अफवाहों, सनसनीखेज मुद्दों को प्रमुखता देती है? (क) खोजी पत्रकारिता (ख) वैकल्पिक पत्रकारिता (ग) पीत पत्रकारिता (घ) पेज थ्री पत्रकारिता	**(1X5=5)**
प्रश्न-4	**निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए-** सबसे तेज़ बौछारें गयीं भादो गया सवेरा हुआ खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा शरद आया पुलों को पार करते हुए अपनी नयी चमकीली साइकिल तेज चलाते हुए घंटी बजाते हुए जोर-जोर से चमकीले इशारों से बुलाते हुए पतंग उड़ाने वाले बच्चों के झुंड को चमकीले इशारों से बुलाते हुए और आकाश को इतना मुलायम बनाते हुए	**(1X5=5)**

	कि पतंग ऊपर उठ सके- दुनिया की सबसे हलकी और रंगीन चीज उड़ सके- दुनिया का सबसे पतला कागज उड़ सके- बाँस की सबसे पतली कमानी उड़ सके कि शुरू हो सके सीटियों, किलकारियों और तितलियों की इतनी नाजुक दुनिया (i) पतंग कविता में किस ऋतु का मनोहारी चित्रण है? (क) वसंत ऋतु का (ख) शीत ऋतु का (ग) शरद ऋतु का (घ) ग्रीष्म ऋतु का (ii) पतंग के माध्यम से कवि ने क्या चित्रित क्या है? (क) बाल-सुलभ उमंगों एवं चेष्टाओं का (ख) वर्षा ऋतु की घनघोर बारिश का (ग) धरती के जीव-जंतुओं का (घ) इनमें से कोई नहीं (iii) अपनी नयी चमकीली साइकिल तेज चलाते हुए- पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? (क) उपमा (ख) मानवीकरण (ग) अनुप्रास (घ) रूपक (iv) खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा- पंक्ति में कौन-सा बिम्ब है? (क) श्रव्य बिम्ब (ख) स्पर्श बिम्ब (ग) दृश्य बिम्ब (घ) उपर्युक्त सभी (v) दुनिया की सबसे हलकी और रंगीन चीज उड़ सके- पंक्ति का संबंध किससे है ? (क) इन्द्रधनुष और पतंग से (ख) धागा और पतंग से (ग) कागज़ और पतंग से (घ) बच्चों का स्वभाव और पतंग से	
प्रश्न-5	**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए-** एक बार वह 'दंगल' देखने श्यामनगर मेला गया। पहलवानों की कुश्ती और दाँव-पेंच देखकर उससे नहीं रहा गया। जवानी की मस्ती और ढोल की ललकारती हुई आवाज ने उसकी नसों में बिजली उत्पन्न कर दी। उसने बिना कुछ सोचे-समझे दंगल में 'शेर के बच्चे' को चुनौती दे दी। 'शेर के बच्चे' का असल नाम था चाँद सिंह। वह	**(1X5=5)**

	अपने गुरु पहलवान बादल सिंह के साथ पंजाब से पहले-पहल श्यामनगर मेले में आया था। सुंदर जवान, अंग-प्रत्यंग से सुंदरता टपक पड़ती थी। तीन दिनों में ही पंजाबी और पठान पहलवानों के गिरोह के अपनी जोड़ी और उम्र के सभी पट्ठों को पछाड़कर उसने 'शेर के बच्चे' की टायटिल प्राप्त कर ली थी। इसलिए वह दंगल के मैदान में लंगोट लगाकर एक अजीब किलकारी भरकर छोटी दुलकी लगाया करता था। देशी नौजवान पहलवान उससे लड़ने की कल्पना से भी घबराते थे। अपनी टायटिल को सत्य प्रमाणित करने के लिए ही चाँद सिंह बीच-बीच में दहाड़ता फिरता था। (i) पहलवानों की कुश्ती और दाँव-पेंच देखकर किससे नहीं रहा गया? (क) चाँद सिंह से (ख) लुट्टन पहलवान से (ग) बादल सिंह से (घ) राजा श्यामानंद से (ii) 'शेर के बच्चे' का वास्तविक नाम क्या था? (क) श्यामा (ख) बादल सिंह (ग) लुट्टन (घ) चाँद सिंह (iii) श्यामनगर मेले में किन पहलवानों की जोड़ी अधिक थी? (क) ग्रामीण पहलवानों की (ख) पठानी पहलवानों की (ग) पंजाबी पहलवानों की (घ) शहरी पहलवानों की (iv) चाँद सिंह से कुश्ती लड़ने की कल्पना से कौन-से पहलवान घबराते थे? (क) देशी पहलवान (ख) पंजाबी पहलवान (ग) पठानी पहलवान (घ) मेले के पहलवान (v) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से संग्रहीत है? (क) काले मेघा पानी दे (ख) पहलवान की ढोलक (ग) बाजार दर्शन (घ) भक्तिन	
प्रश्न-6	**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिए-** (i) सिल्वर वैडिंग पाठ में चूनेदानी किसे कहा गया है? (क) ऑफिस की घड़ी को (ख) गैस चूल्हे को (ग) कलाई घड़ी को (घ) किनारीदार साड़ी को (ii) संध्या की पूजा में बैठे यशोधर बाबू को कौन दिखाई दे रहा था?	**(1X10=10)**

	(क) किशन दा (ख) बड़ा बेटा भूषण (ग) उनकी बुआ (घ) उनकी पत्नी (iii) यशोधर बाबू को भूषण ने गिफ्ट में क्या दिया था? (क) ऊनी स्वेटर (ख) रेशमी टोपी (ग) सूती तौलिया (घ) ऊनी गाउन (iv) बच्चे को शिक्षा देने के विषय में दत्ताजी राव का नजरिया कैसा है? (क) अनुचित है (ख) उचित है (ग) पक्षपातपूर्ण है (घ) विरोध में है (v) जूझ कहानी किस शैली में लिखी गई है? (क) वर्णनात्मक शैली में (ख) भावात्मक शैली में (ग) उपदेशात्मक शैली में (घ) आत्मकथात्मक शैली में (vi) लेखक की माँ उसे किस कक्षा तक पढ़ाना चाहती थी? (क) सातवीं (ख) आठवीं (ग) पाँचवीं (घ) आठवीं (vii) महाकुंड में पानी के प्रबंध के लिए क्या व्यवस्था थी? (क) नहर (ख) नदी (ग) तालाब (घ) कुआँ (viii) मुअनजो-दड़ो के घरों में टहलते हुए लेखक को किस गाँव की याद हो आई? (क) चंडीगढ़ (ख) कुलधरा (ग) सिंध (घ) इस्लामाबाद (ix) मुअनजो-दड़ो में अनाज की ढुलाई के लिए किस वाहन का प्रयोग किया जाता रहा होगा? (क) रेलगाड़ी (ख) मोटरगाड़ी (ग) बैलगाड़ी (घ) ऊँटगाड़ी	

	(x) भारत के किस नगर की तुलना मुअनजो-दड़ो के वास्तुकला के साथ की गई है? (क) अमृतसर (ख) चंडीगढ़ (ग) मेरठ (घ) जोधपुर	
	खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)	
प्रश्न-7	**दिए गए चार विषयों में से किसी एक पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए-** (क) परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं है (ख) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (ग) विज्ञापन का महत्व **(घ)** आधुनिक जीवन-शैली की देन है तनाव	**(6x1=6)**
प्रश्न-8	**किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए-** (क) रेडियो नाटक की क्या विशेषता होती है? (ख) कहानी का नाट्य रूपांतर करते समय किन महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना चाहिये? (ग) कहानी में कथोपकथन (संवाद) का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।	**(3x2=6)**
प्रश्न-9	**निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए-** (क) इंटरनेट पत्रकारिता से क्या आशय है, आम जनता इसका पर क्या प्रभाव पड़ा है? (ख) पत्रकारीय लेखन और साहित्यिक लेखन में क्या अंतर है? (ग) फीचर को किस प्रकार रोचक बनाया जाता है?	**(4x2=8)**
प्रश्न-10	**काव्यखंड पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए-** (क) बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे? (ख) 'कविता के बहाने' के माध्यम से बताएँ कि 'सब घर एक कर देने के माने' क्या हैं? (ग) 'परदे पर वक्त की कीमत है' पूरे साक्षात्कार के प्रति कवि का नजरिया किस रूप में है?	**(3x2=6)**
प्रश्न-11	**काव्यखंड पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए-** (क) जहाँ पर दाना रहते हैं, वहीं नादान भी होते हैं- कवि ने ऐसा क्यों कहा है? (ख) कवि के अनुसार कोई बात कैसे पेचीदा हो जाती है? (ग) भोर के नभ को 'राख से लीपा' चौका की संज्ञा क्यों दी गई है?	**(2x2=4)**
प्रश्न-12	**गद्यखंड पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए-** (क) बाजार का अर्थशास्त्र कब अनीतिशास्त्र बन जाता है? (ख) इंदर सेना सबसे पहले गंगा मैया की जय क्यों बोलती थी? (ग) भारतीय समाज में जाति-प्रथा बेरोजगारी व भुखमरी का एक कारण कैसे रही है?	**(3x2=6)**
प्रश्न-13	**गद्यखंड पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए-** (क) भक्तिन अपना वास्तविक नाम क्यों छुपाती थी? (ख) ढोलक की आवाज का पूरे गांव पर क्या असर होता था? (ग) शिरीष के समान किसे बताया गया है, और क्यों?	**(2x2=4)**